(IV) केन्द्रीय विद्यालयों के मौजूदा शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को, जो योग शिक्षण के लिए अपेक्षित अर्हताएं नहीं रखते, ख्याति प्राप्त संस्थानों द्वारा योग में अधिविन्यास दिया जाना चाहिए।

तत्पश्चात् दिसम्बर, 1988 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शासी बोर्ड ने योजना की और आगे समीक्षा की तथा निर्णय लिया कि केन्द्रीय विद्यालयों में योग एक पृथक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए तथा अंशकालिक योग शिक्षकों की नियुक्ति उन स्कूलों में की जानी चाहिए जहां (VI से XI) कक्षाओं में सिर्फ 15 सेक्शन तक हों। यह भी निर्णय लिया गया कि वे योग शिक्षा जो शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की अपेक्षित अर्हताएं रखते हैं उन्हें शारीरिक शिक्षा शिक्षक अथवा योग शिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए विकल्प किया जाना चाहिए।

वर्तमान में योग VI से XI कक्षाओं तक एक पृथक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है।

Assistance to voluntary agencies for adult education

860. SHRI RAM NARESH YADAV: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state the amounts allocated during the year 1991-92 to voluntary agencies for adult education and what has been the outcome thereof till slate?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI AR-JUN SINGH): Rs. 4,49,60,315 have been released to voluntary agencies under the Central Scheme of Assistance to Voluntary Agencie, in Adult Education during 1991-92 (upto 25th November, 1991) in respect of on going projects of literacy/ adult education, in addition to grants to State Resource Centres and Evaluation Agencies for providing academic support and evaluation of adult education project respectively. Therefore, it would be too early to indicate outcome.

Rs. 16,47,38,959 have been released under Total Literacy Campaigns during 1991-92 (upto 25th November, 1991). The total Literary Campaigns sanctioned this year are in different stages of implementation.

Preservation of birth place of Ahom princess of Assam

861. SHRI BHADRESWAR BURAGOHAIN; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state;

(a) whether Government propose to preserve the birth place of Joymeti Kun-wari, the Ahom princess of Assam;

(b) whether Government propose to install a 'Statue of the princess at the site; and

(c) whether the Archaeological Survey of India propose to proceed with the proposal in consultation with the leading (Ahom historians of Assam?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI AR-JUN SINGH): (a) and (b) No, Sir.

(c) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में साक्षरता कार्यक्रम

862. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989-90 और 1990-91 के दौरान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को विभिन्न साक्षरता संवर्द्धन कार्यक्रमों के लिए दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान इस राज्य में साक्षरता में कितनी वृद्धि हुई है ; और

(ग) क्या राज्य को साक्षरता संवर्द्धन कार्यक्रमों के लिए दी गई केन्द्रीय निधि के उपयोग की निगरानी करने हेतु सरकार ने कोई तंत्र तैयार किया है ?